वृद्ध लोगों की *वित्तीय दुर्व्यवहार* से बचने में सहायता करना

वृद्ध लोगों के साथ किया जाने वाला वित्ती य दुर्व्यवहार क्या होता है?

हम जानते हैं कि 50 साल से अधिक आयु वाले लोगों को वित्तीय दुर्व्यवहार, स्कैम और धोखाधड़ी का खतरा होता है। इसे वृद्ध लोगों के साथ किया जाने वाला वित्तीय दुर्व्यवहार कहते हैं। वित्तीय दुर्व्यहवार में किसी व्यक्ति के संबंधी द्वारा उसके पैसे या संपत्ति का अवैधैध या गलत तरीके से प्रयोग किया जाना शामिल होता है। इस प्रकार का दुर्व्यवहार कई तरह से किया जा सकता है और यह किसी के साथ भी हो सकता है। अक्सर यह सम्भवत: आपकी सोच से कहीं जल्दी शुरू हो जाता है।

वृद्ध लोगों के साथ होने वाले वित्तीय दुर्व्यवहार के आम प्रकार

वृद्ध लोगों के साथ किया जाने वाला दुर्व्यवहार कई तरह का हो सकता है और इसमें बार-बार या एकबार किए जाने वाले कृत्य, धमकियाँ या यहाँ तक कि उनके लिए कुछ न किया जाना शामि ल हो सकता है। यहाँ दुर्व्यवहार के सबसे आम प्रकार दिए गए हैं:

पॉवर ऑफ एटॉर्नी का दुरुपयोग करना

यह उस परिस्थिति में होता है जब कोई प्राधिकृत व्यक्ति (आपका एटॉर्नी) आपका धन या संपत्ति अपने लिए ले लेता है।

दबाव, धमकियाँ और डराना-धमकाना।

यह उस परिसिसथिति में होता है जब कोई व्यक्ति आपकी संपत्ति त्ति पर हस्ताक्षर करने के लिए आपके ऊपर ज़ोर डालता है या आपकी वसीयत में अपना नाम शामिल किए जाने की मांग करता है।

धोखाधड़ी और स्कैम (घोटाला)

यह उस परिसथिति में होता है जब कोई व्यक्ति आपके पैसे चुराने के लिए जानबूझ कर आपका विश्वास जीतने की कोशिश करता है।

पारिवारिक समझौतों का दुरुपयोग करना

यह उस परिस्थिति में होता है जब पैसे या संपत्ति को लेकर आपके परिवार के साथ किए गए अनौपचारिक समझौतों को तोड़ दिया जाता है या उनका फायदा उठाया जाता है।

फंड्स (धन) का अनुचित प्रयोग

यह उस परिस्थिति में होता है जब कोई ऐसा व्यक्ति जिसे आपने अपने धन तक पहुँच प्राप्त करने की अनुमति दी हो, उसे सहमत किए तरीके से अलग तरीके से खर्च करता है।

भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करना

यह उस परिस्थिति में होता है जब कोई व्यक्ति वित्तीय लाभ हासिल करने के लिए धमकियाँ देता है – जैसे ऋण न दिए जाने तक नाती-पोतों से मिलने न देना।

विरासत को लेकर अधीरता

यह उस परिस्थिति में होता है जब अक्सर परिवार के सदस्य अपने आप को आपके धन और संपत्ति के पात्र समझते हैं और उसे आपसे छीनने की कोशिश कर सकते हैं।

गारंटर (जमानतदार) प्रक्रिया में गलती करना

कभी-कभी कोई गलत इरादा न होने के बावजूद भी ऋण के लिए गारंटी देने की प्रक्रिया में गलती हो सकती है और इसके फलस्वरूप आप अपने घर या अन्य संपत्ति को खो सकते हैं।

वादा की गई देखभाल प्रदान करने में विफल रहना

यह उस परिस्थिति में होता है जब परिवार के किसी सदस्य द्वारा आपको देखभाल प्रदान करने की व्यवस्था को तोड़ दिया जाता है।

Commonwealth Bank of Australia ABN 48 123 123 124 AFSL and Australian credit licence 234945.
Hindi

खतरा किसे होता है ?

वित्तीय दुर्व्यवहार किसी भी वयोवृद्ध व्यक्ति के साथ हो सकता है, परन्तु ऐसे कुछ समूह होते हैं जिन्हें इसका अधिक खतरा होता है। इन समूहों में शामिल हैं:

- अकेले या अलग-थलग रहने वाले लोग
- शारीरिक या मानसिक विकलाँगता से पीड़ित लोग
- भाषा-संबंधी या सांस्कृतिक बाधाओं के कारण पैसे की सीमि त समझ वाले लोग
- LQBTIQ+ समुदाय से सम्बन्धित लोग
- अपनी देखभाल के लिए अन्य लोगों पर निर्भर रहने वाले लोग
- पहले कभी दुर्व्यवहार के अन्य प्रकारों का सामना करने वाले लोग।

वित्तीय दुर्व्यवहार की पहचान करना

वृद्ध लोगों के साथ वित्तीय दुर्व्यवहार के प्रचलित होने के बावजूद भी इसकी पहचान करना कठिन हो सकता है क्योंकि यह अक्सर अप्रकट होता है या इसे कम करके प्रकट किया जाता है।

इन कारणों की वजह से वित्तीय दुर्व्यवहार के बारे में बात करते समय लोगों का लज्जित, विवादास्पद और घबराहट महसूस करना आम है। वित्तीय दुर्व्यवहार का सामना करने वाले लोगों के लिए अक्सर इसकी पहचान करना, इसका नियंत्रण करना और/या इसे अपने व दूसरों के लिए स्वीकार करना कठिन होता है।

विचार करने योग्य चेतावनी संकेत:

1. नकद निकासी के कुछ लेन-देन सही नहीं लगते हैं
2. भाषा-संबंधी अवरोधों के कारण आपको समझने में कठिनाई होती है
3. आपके बैंक स्टेटमेंट गुम हुए हैं या भ्रामक लगते हैं
4. आपको ऐसा लगता है कि कोई दूसरा व्यक्ति आपको डरा-धमका रहा है या आपको नियंत्रित कर रहा है और आपको उसके कथनानुसार काम करने की बाध्यता महसूस होती है
5. कोई ऐसा व्यक्ति आपको नकद निकालने के लिए बैंक ले जाता है जिसके पास आपके पैसे के बारे में कोई अधिकार नहीं है
6. कोई अन्य व्यक्ति आपकी ओर से बैंक फॉर्मर्म भरता है

वृद्ध दुर्व्यवहार फोन सेवा

यदि आपके पास कोई चिंताएँ है तो कृपया 1800 ELDERHelp (1800 353 374)

पर फोन करें। यह एक नि:शुल्क फोन नम्बर है जिसपर वृद्ध दुर्व्यवहार से सम्बन्धित जानकारी और परामर्श र्श प्रदान किया जाता है। आपको स्वत: आपके क्षेत्र में मौजूदा फोन लाइन सेवा पर रिडायरेक्ट किया जाएगा। फोन लाइन राज्य और टेरेटरी की सरकारों के साथ सहयोग से स्थापित की गई है।

वृद्ध दुर्व्यवहार फोन लाइनें संकटकाल समर्थन सेवाएँ नहीं हैं, और काम करने के समय और सेवाएँ अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग हैं।

यदि आपको अपने पैसों के बारे में कोई चिंताएँ हैं तो कृपया अपनी बैंक को बताएँ। यदि आप चाहें तो आपका स्थानीय मैनेजर आपके साथ गुप्त रूप से बात कर सकता है।

वृद्ध लोगों के साथ होने वाले वित्तीय दुर्व्यवहार व घोटाले तथा धोखाधड़ी के बारे में और अधिक जानकारी के लिए **CommBank** की वेबसाइट पर **Safe and Savvy** निर्देशिका डाउनलोड करें।

ध्या न दें: यह दस्तावेज़ अन्य भाषाओं में उपलब्ध है।